Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to streamline water and power supply in Jaipur city.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर, जयपुर शहर में विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र एवं झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में ि वद्युत कटौती होने के कारण 20 लाख गैलन पानी का उत्पादन कम हो रहा है। ग्रीमकाल का मौसम प्रारम्भ हो गया है और जनता को बहुत परेशानी हो रही है। पानी के कम उत्पादन के कारण जयपुर शहर की चारदीवारी क्षेत्र में जल वितरण डेढ़ घंटे के स्थान पर एक घंटे ही सप्लाई मिल रही है। झोटवाड़ा व विश्वकर्मा क्षेत्र में करीब 250 नलकूप हैं। प्रतिदिन 8-10 घंटे बिजली बन्द हो जाने से जल वितरण व औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की कटौती हो जाने के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जो विद्युत सम्बन्धी परियोजनाएं केन्द्र सरकार के सामने लम्बित पड़ी हैं और जो समझौते राजस्थान को विद्युत देने के बारे में हुए थे, उनको क्रियान्वित करायें, जिससे कि जयपुर शहर में रहने वाले नि वासियों को विद्युत कटौती के कारण परेशानी न हो और आगे ग्रामकाल में पर्याप्त मात्रा में बिजली सप्लाई होने से राहत मिले और जो विश्वकर्मा और झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती से पानी उत्पादन में कठिनाई आ रही है, वह भी दूर हो सके। साथ ही राजस्थान के किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध हो सके।

इस सम्बन्ध में राज्य सरकार पूरी तरह प्रयत्नशील है। राज्य सरकार द्वारा किसी क्षेत्र में विद्युत कटौती नहीं की जाये, यह प्रयास किया जा रहा है और केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के हितों पर ध्यान न देने के कारण यह विद्युत कटौती की जानी अनिवार्य हो गई है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजस्थान की जनता के हितों की रक्षा करने के लिए आप शीघ्र ध्यान दें और जो विद्युत कटौती केन्द्र सरकार की गलतियों के कारण हो रही है, उसे वह दूर करें, जिससे राजस्थान के लोगों को, चाहे किसान हों, चाहे औद्योगिक क्षेत्र हो, चाहे जयपुर शहर की जनता हो, सब को पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल सके।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।[i75]